**पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय**
**टाइटल IX**
**प्रक्रिया CS 27**

| | |
|---|---|
| **कार्यान्वयन कार्यकारी:** | कार्य के लिए सीनियर वाइस चांसलर ज़िम्मेदार |
| इकाई **(रिस्पॉन्सबल यूनिट):** | विविधता और समावेशन श्रेणी कार्यालय |
| **कैटेगरी:** | सामुदायिक मानक (कम्युनिटी स्टैन्डर्ड) |
| **प्रभावी दिनांक:** | 14-अगस्त-20 |
| **स्थिति:** | अंतरिम |

## I. उद्देश्य

यह टाइटल IX के साथ विश्वविद्यालय के अनुपालन से संबंधित प्रक्रियाओं को स्थापित करता है जैसा कि विश्वविद्यालय नीति CS 27, टाइटल IX में उल्लेखित है।

## II. परिभाषाएं

A. <u>सलाहकार</u>: औपचारिक शिकायत प्रक्रिया के भाग के रूप में आयोजित सुनवाई में दूसरे पक्षकारों और गवाहों की जिरह करने के लिए संबंधित पक्षकारों द्वारा चुने गए या सौंपे गए व्यक्ति। यदि एक सलाहकार का चयन किसी को सुनवाई सौंपे जाने से पहले किसी पक्षकार द्वारा किया जाता है, तो पसंदीदा सलाहकार को किसी भी कार्यवाही या बैठक में पक्षकार के साथ जाने की अनुमति दी जाती है।

B. <u>निर्णय-निर्माता</u>: औपचारिक शिकायत में प्रतिवादी ने विश्वविद्यालय नीति CS 27 का उल्लंघन किया है यह नहीं इस निर्णय को प्रस्तुत करने के लिए यह व्यक्ति ज़िम्मेदार होता है।

C. <u>सहायक व्यक्ति</u>: औपचारिक शिकायत के समाधान के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए संबंधित पक्षकारों द्वारा चुने गए व्यक्ति। प्रत्येक पक्षकारों को औपचारिक शिकायत प्रक्रिया (टाइटल IX की गोपनीयता प्रावधानों के परिणामस्वरूप, सहायक व्यक्ति को सुनवाई में भाग लेने की अनुमति दी गई नहीं हैं) के भाग के रूप में आयोजित सुनवाई के अलावा किसी भी कार्यवाही या बैठक के लिए पक्षकार के साथ सहयोग करने वाले व्यक्ति के रूप को कार्य करने की अनुमति है।

कृपया इस प्रक्रिया में उपयोग की जाने वाली शर्तों की अतिरिक्त परिभाषा के लिए नीति CS 27 की धारा III देखें। आगे के मार्गदर्शन और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के लिए, कृपया https://www.titleix.pitt.edu/civil-rights-title-ix-compliance देखें।

## III. प्रक्रिया

नीचे दिए गए अनुभाग टाइटल IX शिकायत, टाइटल IX जांच प्रक्रिया और अपील की रिपोर्टिंग और फ़ाइल करने से संबंधित प्रक्रियाओं को स्थापित करते हैं।

## A. यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट करना और औपचारिक टाइटल IX शिकायत दर्ज करना

### i. यौन उत्पीड़न की रिपोर्टिंग

विश्वविद्यालय यौन दुर्व्यवहार और यौन उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं सहित विश्वविद्यालय नीति के संभावित उल्लंघनों की तात्कालिक रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करता है। ज़िम्मेदार कर्मचारियों को यौन दुर्व्यवहार की घटनाओं की रिपोर्ट करना आवश्यक है, जिसके बारे में वे ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX को अवगत करते हैं।

निम्नलिखित चैनलों में से किसी के भी ज़रिए कोई भी यौन उत्पीड़न की घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है:

- निम्नलिखित संपर्क जानकारी में से किसी का भी उपयोग करके रिपोर्ट सीधे (सशरीर उपस्थित होकर, मेल द्वारा, टेलीफ़ोन द्वारा, इलेक्ट्रॉनिक मेल द्वारा या ऑनलाइन रिपोर्टिंग फ़ॉर्म का उपयोग करके) टाइटल IX संयोजक और/या ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX में की जा सकती है:

  टाइटल IX संयोजक: केटी पोप (https://www.titleix.pitt.edu/civil-rights-title-ix-compliance देखें)
  पता: ऑफ़िस ऑफ़ डायवर्सिटी एण्ड इंक्लुशन,
  18th Floor, Cathedral of Learning
  4200 Fifth Ave Pittsburgh, PA
  15260
  फ़ोन: (412) 648-7860
  ईमेल: titleixcoordinator@pitt.edu

  ऑनलाइन रिपोर्टिंग फ़ॉर्म: https://www.diversity.pitt.edu/civil-rights-title-ix-compliance/make-report

- विश्वविद्यालय के AlertLine सिस्टम का उपयोग करके (866) 858-4456 पर कॉल करके या www.pitt.alertline.com पर वेबसाइट पर जाकर रिपोर्ट (गुमनाम रिपोर्ट सहित) किया जा सकता है।

यौन दुर्व्यवहार का आपराधिक रिपोर्ट करने के लिए 9-1-1 पर फ़ोन करके या आसन्न आपातकाल की स्थिति में उपयुक्त कैंपस (अनुभाग V देखें) में पिट्सबर्ग पुलिस के विश्वविद्यालय से संपर्क करें। इस प्रक्रिया में

आपराधिक रिपोर्टों की जांच नहीं की जाती है क्योंकि इसके बजाय ऐसी रिपोर्टों की जांच पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा की जाएगी। बहरहाल, लोगों को यौन दुराचार की घटनाओं की रिपोर्ट ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX और पुलिस को करने की अनुमति दी जाती है और प्रोत्साहित किया जाता है।

विश्वविद्यालय यौन भेदभाव के किसी भी शिकायतकर्ता की पहचान, ऐसे शिकायतकर्ता सहित, जो यौन उत्पीड़न की औपचारिक शिकायत दर्ज करता है, साथ ही किसी प्रतिवादी या अन्य गवाह की पहचान को गोपनीय रखेगा, सिवाय इसके कि कानून द्वारा अनुमति देने पर या आवश्यक होने पर, या नीति CS 27 और इस प्रक्रिया के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, किसी भी जांच, सुनवाई या न्यायिक कार्यवाही का संचालन करने के मामले को छोड़ कर।

ii. औपचारिक शिकायत दर्ज़ करना

एक बार यौन उत्पीड़न की एक रिपोर्ट ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX द्वारा प्राप्त कर लिए जाने पर कार्यालय शिकायतकर्ता के साथ यह निर्धारित करने के लिए काम करेगा कि शिकायतकर्ता औपचारिक शिकायत दर्ज करना चाहता है या नहीं। जब सहायक उपायों के साथ शिकायतकर्ता को औपचारिक शिकायत करन ज़रूरी नहीं होता है (आगे नीचे इसकी चर्चा की गई है), तो औपचारिक शिकायत प्रक्रिया के साथ एक औपचारिक शिकायत या एक अनौपचारिक समाधान के लिए आगे की कार्यवाही आवश्यक है। अगर शिकायतकर्ता औपचारिक शिकायत दर्ज करने से इंकार करता है, तो यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट की जांच करने और न्यायिक निर्णय के लिए, टाइटल IX संयोजक अलग से एक औपचारिक शिकायत पर हस्ताक्षर कर सकता है। जबकि किसी के भी द्वारा यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट की जा सकती है, औपचारिक शिकायतें केवल किसी शिकायतकर्ता या टाइटल IX संयोजक द्वारा दर्ज़ कराई जा सकती हैं।

यदि कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है, तो ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX को फिर भी शिकायतकर्ता को सहायक उपाय की पेशकश करनी चाहिए, लेकिन विश्वविद्यालय को कानूनी रूप से यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट से संबंधित प्रतिवादी के ख़िलाफ़ कोई प्रतिबंध जारी करने की अनुमति नहीं है; क्योंकि औपचारिक शिकायत दर्ज़ नहीं होने की स्थिति में रिपोर्ट से संबंधित कोई न्यायिक निर्णय या निष्कर्ष नहीं हो सकता है।

यदि ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX को यौन उत्पीड़न की शिकायत एक से अधिक प्रतिवादी के ख़िलाफ़ या एक या एक से अधिक प्रतिवादी के ख़िलाफ़ एक से अधिक शिकायतकर्ता द्वारा, या एक पक्ष के ख़िलाफ़ दूसरे पक्ष द्वारा प्राप्त होती है, जहां यौन उत्पीड़न के आरोप के तथ्य या परिस्थितियां एक जैसी होती हैं, वहां एक ही प्रक्रिया के माध्यम से औपचारिक शिकायतों को सम्मिलित किया जाएगा और जांच की जाएगी और/या हल निकाला जाएगा।

## B. सहायक उपाय

यौन उत्पीड़न की कोई रिपोर्ट प्राप्त होने पर, शिकायतकर्ता कोई औपचारिक शिकायत दर्ज़ कर आगे बढ़ने का फैसला करता है या नहीं, ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX शिकायतकर्ता सहायक उपायों की पेशकश करेगा और सुरक्षा और शिकायतकर्ता की भलाई के लिए ऐसे सहायक उपायों के कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करेगा। यदि औपचारिक शिकायत दर्ज़ की जाती है, तो शामिल किसी भी पक्ष के लिए उपयुक्त के रूप में सहायक उपाय उपलब्ध कराया जाएगा।

विश्वविद्यालय पक्षकारों को प्रदान किए गए किसी भी सहायक उपाय को गोपनीय बनाए रखेगा, उस हद तक कि ऐसी गोपनीयता बनाए रखने से सहायक उपाय प्रदान करने की विश्वविद्यालय की क्षमता को नुक़सान न हो

## C. औपचारिक शिकायत के लिए प्रारंभिक कारिवाई

विश्वविद्यालय का इरादा यौन उत्पीड़न की औपचारिक शिकायतों को उचित तरीके से हल करने का होता है, हालांकि समय-समय पर प्रक्रिया में देरी हो सकती है। जब कोई औपचारिक शिकायत दर्ज़ की जाती है, तो विश्वविद्यालय इस अनुभाग के अनुरूप मामले की जांच करेगा, न्यायिक निर्णय करेगा और/या हल करेगा।

i. औपचारिक शिकायत की सूचना

यौन दुर्व्यवहार का आरोप लगाने वाली कोई औपचारिक शिकायत मिलने पर, ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX निम्नलिखित को रेखांकित करते हुए ज्ञात शिकायतकर्ता(ओं) और प्रतिवादी(दियों) को लिखित सूचना प्रदान करेगा।

- नीति CS 27 और यह प्रक्रिया
- आरोपों में संभावित रूप से शिकायतकर्ता (ओं) और प्रतिवादी (ओं) की पहचान, आचरण कथित रूप से यौन उत्पीड़न का आचरण और कथित घटना की तारीख और स्थान, बशर्ते ज्ञात हो तो, सहित नीति CS 27 का उल्लंघन शामिल है।
- साक्ष्य के मानक पूर्वानुपात मानक होने पर, इसीके साथ एक बयान जिसमें प्रतिवादी को ज़िम्मेदार नहीं माना गया है (लेकिन ऐसा अनुमान नहीं है कि यह आरोप नहीं लगाया गया है या कि प्रतिवादी सच्चा है या कि शिकायतकर्ता झूठ बोल रहा है)।
- दोनों पक्षकारों को पसंदीदा सलाहकार लेने का अधिकार है।
- इस प्रक्रिया के अनुरूप साक्ष्य की समीक्षा करने का दोनों पक्षकारों को अधिकार है।
- आचार संहिता और/या विश्वविद्यालय की नीतियों और जानबूझकर गलत बयान देने या जानबूझकर गलत जानकारी प्रस्तुत करने से संबंधित दिशानिर्देशों का संबंधित अनुभाग।

प्रारंभिक साक्षात्कार के लिए पक्षकारों को तैयार करने के लिए पर्याप्त समय देने के लिए औपचारिक शिकायत से संबंधित जांचकर्ता द्वारा किए जाने वाले किसी भी प्रारंभिक साक्षात्कार से कम से कम पांच (5) व्यावसायिक दिनों से पहले शिकायतकर्ता और प्रतिवादी को लिखित नोटिस प्रदान की जाएगी।

औपचारिक शिकायत के नोटिस के अलावा, सभी उपयुक्त पक्षकारों को औपचारिक शिकायत की जांच के दौरान पाए गए और/या जांच मिली अतिरिक्त आरोपों के साथ ही साथ किसी भी लाइव सुनवाई या अन्य कार्यवाही जिसमें पक्षकारों को आने है या उपस्थित होने की अनुमति है, की तारीख, समय, स्थान, प्रतिभागियों सहित इसके उद्देश्यों के बारे में नोटिस भेजी जाएगी।

ii. <u>प्राथमिक जांच</u>

यौन दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए एक औपचारिक शिकायत प्राप्त होने पर, ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX नीति CS 27 में की गई चर्चा के अनुसार एक प्रारंभिक जांच करेगा। यदि औपचारिक शिकायत में यौन उत्पीड़न के आरोप शामिल हैं, तो उन आरोपों को नीति CS 27 और इस प्रक्रिया के अनुरूप हल किया जाएगा।

यह ध्यान रखना चाहिए कि एक जांच से ऐसे तथ्य या परिस्थितियां सामने आ सकती हैं जिसका पता प्रारंभिक रिपोर्ट के दौरान या औपचारिक शिकायत के दर्ज़ किए जाने के समय नहीं था। यदि औपचारिक शिकायत के मूल्यांकन से संबंधित कोई भी तथ्य या परिस्थितियां मामले की कार्यवाही के दौरान पाया जाता है, तो हो सकता है कि ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX के लिए यह पूर्णमूल्यांकन करना आवश्यक हो, जो कि विश्वविद्यालय की नीति को उपयुक्त हो और मामले पर लागू हो। कोई मामला अपने मूल रूप से लागू होने के लिए माने जाने के बजाय एक हद तक किसी भिन्न नीति के तहत अंतर्गत आने के लिए निर्धारित होने पर पक्षकारों और अन्य अतिरिक्त व्यक्तियों, जैसा भी उपयुक्त हो, को सूचित किया जाएगा और मामला की कार्यवाही विश्वविद्यालय प्रक्रिया के तहत उसी मूल्यांकन के अनुसार उपयुक्त विश्वविद्यालय नीति के अनुरूप होगी।

iii. <u>औपचारिक शिकायत को ख़ारिज करना</u>

यदि औपचारिक शिकायत में ऐसे आरोप शामिल हैं जो नीति CS 27 में परिभाषित यौन उत्पीड़न का गठन नहीं करते हैं या अन्यथा नीति CS 27 की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं, तो इस शिकायत के तहत औपचारिक शिकायत या व्यक्तिगत आरोपों को "ख़ारिज" कर दिया जाएगा। इस नीति के तहत इस कारण सहित किसी औपचारिक शिकायत या व्यक्तिगत आरोपों को "खारिज" किया जा सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि यह निम्नलिखित तक ही सीमित हो:

- यदि कथित आचरण यौन उत्पीड़न नहीं है;
- यदि कथित आरोप विश्वविद्यालय शैक्षिक कार्यक्रम या गतिविधि से संबंधित नहीं था या इससे अलग था;

- iयदि कथित तौर पर आचरण संयुक्त राज्य के किसी व्यक्ति के ख़िलाफ़ नहीं हुआ है; या
- यदि शिकायतकर्ता टाइटल IX संयोजक को लिखित रूप में सूचित करता है कि शिकायतकर्ता औपचारिक शिकायत या आरोप(पों) को वापस लेना चाहता है।

यदि कोई औपचारिक शिकायत या उस पर व्यक्तिगत आरोप हैं, तो "ख़ारिज" कर दिया जाएगा, फिर भी इस आरोप की जांच की जाएगी कि यह किसी अलग विश्वविद्यालय नीति (विश्वविद्यालय नीति CS 20 (पूर्व में 06-05-01) यौन दुर्व्यवहार और विश्वविद्यालय नीति CS 07 (पूर्व में 07-01-03), गैर-भेदभाव, समान अवसर और सकारात्मक कार्रवाई सहित) के तहत ख़ारिज करने के लिए उपयुक्त है या नहीं।

iv. <u>Appealing Dismissal of Formal Complaint</u> <u>iv. औपचारिक शिकायत की ख़ारिज करने के लिए अपील करना</u>

जब इस नीति के तहत एक औपचारिक शिकायत "ख़ारिज" कर दी जाती है, तो विश्वविद्यालय पक्षकारों को लिखित रूप से सूचित करेगा और "ख़ारिज" करने का कारण बताएगा। "ख़ारिज" के लिए लिखित सूचना दिए जाने के दस (10) दिनों के भीतर, शिकायतकर्ता या प्रतिवादी दोनों में से कोई भी निम्नलिखित में से किसी भी आधार पर "ख़ारिज" की अपील कर सकता है:

(1) प्रक्रियागत अनियमितता जिसने मामले के परिणाम को प्रभावित किया;
(2) ऐसे नए साक्ष्य जो ज़िम्मेदार ठहरने या ख़ारिज किए जाने के बारे में निर्धारण करते समय उपयुक्त रूप से उपलब्ध नहीं थे, जो मामले के परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं; या
(3) टाइटल IX संयोजक, जांचकर्ता या निर्णय-निर्माता के पास आम तौर पर या शिकायतकर्ता या प्रतिवादी या व्यक्तिगत शिकायतकर्ता या प्रतिवादी के ख़िलाफ़ हितों का टकराव या पूर्वाग्रह था जो मामले के परिणाम को प्रभावित करता था।

औपचारिक शिकायत या आरोपों को ख़ारिज करने की अपील की समीक्षा टाइटल IX संयोजक द्वारा नामित एक व्यक्ति द्वारा की जाएगी जो उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित है और जो औपचारिक शिकायत या आरोपों को ख़ारिज करने के लिए मूल निर्धारण में शामिल नहीं था। यदि अपील पक्ष टाइटल IX संयोजक की ओर से अपील के आधार के रूप में किसी भी तरह के हितों का टकराव या पूर्वाग्रह हवाला देता है, तो विविधता और समावेशन (डायवर्सिटी एण्ड इंक्लुशन) के वाइस चांसलर (VC-ODI) पर उस व्यक्ति को नामित करने की ज़िम्मेदारी होगी, जो अपील की समीक्षा करेगा।

**D. अनौपचारिक समाधान**

शिकायतकर्ता(ओं) और प्रतिवादी(यों) के चुनाव और समझौते पर, विश्वविद्यालय तभी औपचारिक शिकायत के अनौपचारिक समाधान की सुविधा प्रदान करेगा अन्यथा जब निषिद्ध (यानी जब

शिकायतकर्ता एक विश्वविद्यालय का छात्र है और प्रतिवादी विश्वविद्यालय का कर्मचारी है) न हो। इस प्रक्रिया को औपचारिक शिकायत की ज़िम्मेदारी के निर्धारण से पहले किसी भी समय आगे बढ़ाया जा सकता है।

अनौपचारिक समाधान ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX के परामर्श से पक्षकारों द्वारा तैयार की गई उपयुक्त प्रक्रिया होगी।

एक बार जब पक्षकार अनौपचारिक समाधान प्रक्रिया का उपयोग करने पर सहमत हो जाते हैं, तो पक्षकारों को इस प्रक्रिया की सूचना प्राप्त हो जाएगी और दोनों शिकायतकर्ता और प्रतिवादी, अनौपचारिक समाधान प्रक्रिया के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे और सबमिट कर देंगे। एक बार हस्ताक्षर किए गए सहमति पत्र जमा करने के बाद, पक्षकारों को अनौपचारिक समाधान प्रक्रिया को तब तक जारी रखना चाहिए और पक्षकार अनौपचारिक समाधान प्रक्रिया पर सहमति की शर्तों को वापस लेने या बदलने में सक्षम नहीं होंगे; जब तक कि मामला हल नहीं हो जाता है। (हालांकि, अंतिम अनौपचारिक समाधान से सहमत होने से पहले पक्षकार किसी भी समय अनौपचारिक समाधान प्रक्रिया से निकाल सकते हैं और यहां उल्लेखित औपचारिक शिकायत प्रक्रिया को फिर से शुरू कर सकते हैं)। पक्षकारों के पास अनौपचारिक समाधान के किसी भी परिणाम के लिए अपील करने का कोई अवसर नहीं होगा।

## E. औपचारिक शिकायत प्रक्रिया

### i. जांच

औपचारिक शिकायत में एक असाइन किया गया एक जांचकर्ता आरोपों से संबंधित साक्ष्य और गवाह के बयानों को एकत्र करेगा। असाइन किया गया जांचकर्ता टाइटल IX संयोजक, निर्णय-निर्माता या अपील संबंधी निर्णय-निर्माता नहीं होगा।

जांच में प्रासंगिक सबूतों का संग्रह और समीक्षा शामिल होगी, जिसमें दस्तावेज़ों, इलेक्ट्रॉनिक डेटा, ठोस वस्तुएं और/या आरोपों के लिए प्रासंगिक अन्य कोई भी सामग्री शामिल हैं। सभी उपलब्ध साक्ष्यों की पहचान और उनका दस्तावेज़ीकारण किया जाएगा। जहां संभव हो, सभी उपलब्ध साक्ष्यों को एकत्रित करके इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में रखा जाएगा। शिकायतकर्ता और प्रतिवादी दोनों के पास जांचकर्ता को साक्ष्य प्रस्तुत करने का समान अवसर होगा।

जांच में प्रासंगिक जानकारी के साथ गवाहों की पहचान और साक्षात्कार शामिल होगा। शिकायतकर्ता और प्रतिवादी दोनों के पास गवाहों का साक्षात्कार करने संबंधी सुझाव देने का एक समान अवसर होगा।

न तो जांचकर्ता और न ही निर्णय-निर्माता; किसी चिकित्सक, मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक या अन्य

मान्यता प्राप्त पेशेवर या परापेशेवर द्वारा पेशेवर या परापेशेवर की क्षमता में कार्य करने वाले या उस क्षमता के साथ सहायता करते हुए और जो पक्षकार को देने के प्रावधान के संबंध में तैयार किया गया और उसका रखरखाव किया गया है; किसी पक्षकार के ऐसे रिकॉर्ड, विचार, खुलासे या अन्य किस्म के पहुंच का उपयोग तक तब तक नहीं कर सकते हैं, जब तक कि शिकायत प्रक्रिया के प्रयोजनों के मद्देनजर ऐसा करने के लिए उपयुक्त पक्षकार स्वैच्छिक, लिखित सहमति प्रदान नहीं करता।

शिकायतकर्ता और प्रतिवादी को पसंदीदा सलाहकार और पसंदीदा सहयोगी किसी व्यक्ति को जांचकर्ता के साथ किसी भी/सभी बैठकों में लाने की अनुमति है। न तो सलाहकार, ना ही सहयोगी व्यक्तियों को जांचकर्ता के साथ किसी भी बैठक में भाग लेने की अनुमति है, लेकिन वे पक्षकार से परामर्श करने और उनका सहयोग करने के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

ii. <u>साक्ष्य की समीक्षा</u>

जांच रिपोर्ट के पूरा होने से पहले, जांचकर्ता शिकायतकर्ता और प्रतिवादी दोनों को किसी भी ऐसे साक्ष्य का निरीक्षण और समीक्षा करने के लिए समान अवसर प्रदान करेगा; जो सीधे तौर पर औपचारिक शिकायत में लगे आरोपों से संबंधित है, जो जांच (गवाह सारांश सहित) के हिस्से के रूप में प्राप्त होता है; चाहे सबूत को जांचकर्ता द्वारा प्रासंगिक माना गया हो या ना हो।

जांचकर्ता के विचारार्थ साक्ष्यों के लिए पक्षकारों को जांचकर्ता के लिए लिखित जवाब देने की अनुमति दी जाएगी। इस लिखित जवाब के लिए नियत अवधि, जिस दिन पक्षकारों को उपरोक्त संदर्भित साक्ष्यों तक पहुंच प्रदान की गई थी, उस तारीख से दस (10) व्यावसायिक दिनों तक है।

iii. <u>जांच रिपोर्ट</u>

जांच पूरी हो जाने पर और पक्षकारों (यदि कोई हो तो) द्वारा समीक्षा कर लिखित सबमिशन के बाद जांचकर्ता कोई जांच रिपोर्ट तैयार करेगा। रिपोर्ट में आरोपों और सभी प्रासंगिक साक्ष्यों का संक्षेप में निष्पक्ष वर्णन होगा। रिपोर्ट में जांच के दौरान उठाए गए प्रक्रियात्मक चरणों का विवरण भी शामिल होगा, जिसमें पक्षकारों को भेजे गए नोटिफिकेशन, साक्षात्कार, साइट विज़िट और सबूत इकट्ठा करने के लिए उपयोग किए जाने वाले तरीके शामिल हैं।

एक बार पूरा होने के बाद, जांच सारांश निर्णय-निर्माता और साथ ही शिकायतकर्ता और प्रतिवादी (और उनसे पसंदीदा सलाहकार) दोनों को भेजा जाएगा। पक्षकारों को निर्णय-निर्माता को जांच सारांश का लिखित जवाब सबमिट करने की अनुमति दी जाएगी। इस लिखित जवाब के लिए नियत अवधि, जिस दिन पक्षकारों को जांच त साक्ष्यों सारांश प्रदान की गई थी, उस तारीख से दस (10) व्यावसायिक दिनों तक है। जांच सारांश पर निर्णय-निर्माता के लिखित जवाबों के एक (1) व्यावसायिक दिन से पहले सुनवाई नहीं होगी।

iv. <u>सुनवाई</u>

यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित कोई सुनवाई लाइव होगी। लाइव सुनवाई ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX द्वारा उल्लिखित सज्जा की प्रक्रियाओं और नियमों का पालन करेगी और सुनवाई से पहले पक्षकारों और उनके सलाहकारों को प्रदान की जाएगी।

सुनवाई का आयोजन अकेले में या दोनों में किसी भी पक्षकार द्वारा चुने या विश्वविद्यालय के विवेक, वर्चुअली किया जा सकता है, जब तक कि पक्ष और निर्णय निर्माता दोनों, हर समय गवाह और/या व्यक्ति को बोलते हुए देख सकते हैं। लाइव सुनवाई में भाग लेने के लिए अनुमति सिर्फ शिकायतकर्ता(ओं), प्रतिवादी(यों), पक्षकारों के संबंधित सलाहकारों, गवाहों, निर्णय-निर्माता, सुनवाई का संचालन करने के लिए विश्वविद्यालय की आवश्यकता के तहत एक अन्य व्यक्ति और क़ानूनी आवश्यकता के तहत एक व्यक्ति को है। एक रिकॉर्डिंग (या तो ऑडियो या ऑडियो-वीडियो) या किसी लाइव सुनवाई का एक प्रतिलेख समीक्षा के लिए पक्षकारों को उपलब्ध कराया जाएगा।

यह निर्णय-निर्माता की देखरेख करता है, जो इस बात का निर्धारण करेगा कि प्रतिवादी नीति CS 27 का उल्लंघन करने के लिए जिम्मेदार है या नहीं। निर्णय-निर्माता टाइटल IX का संयोजक, जांचकर्ता या अपील संबंधी निर्णय-निर्माता नहीं होना चाहिए।

सुनवाई के लिए, पक्षकार अपना कोई पसंदीदा सलाहकार ला सकते हैं। यदि कोई पक्षकार कोई सलाहकार चुनने से इनकार करता है, तो विश्वविद्यालय सुनवाई के लिए किसी को असाइन करेगा। सुनवाई के समय, पक्षकारों को अपने सलाहकारों के माध्यम से सभी गवाहों और दूसरे पक्ष से जिरह करने का अवसर मिलेगा।

ध्यान दें: किसी पक्षकार को सीधे जिरह आयोजित करने की अनुमति नहीं है; सभी जिरह सलाहकारों द्वारा आयोजित करना ज़रूरी है। यदि कोई पक्षकार या गवाह सुनवाई में भाग लेने के लिए या अन्यथा स्वयं को जिरह के लिए उपलब्ध करने विफल हो जाता है, तो निर्णय-निर्माता को निर्णय तक पहुंचने के लिए उस पक्षकार या गवाह द्वारा दिए गए किसी भी बयान (चाहे सुनवाई के दौरान या जांच पूर्व बयान) पर विचार करने की अनुमति नहीं है। प्रतिवादी की ज़िम्मेदारी से संबंधित किसी पक्षकार या गवाह की सुनवाई से अनुपस्थिति होने या जिरह या अन्य सवालों के जवाब देने से इंकार कर देने पर निर्णय-निर्माता कोई भी निष्कर्ष नहीं निकाल सकता है।

सिर्फ प्रासंगिक प्रश्न ही किसी पक्षकार या गवाह से पूछे जा सकते हैं। औपचारिक शिकायत के मामले में शिकायतकर्ता की यौन प्रवृत्ति या पूर्व यौन व्यवहार के बारे में प्रश्न और साक्ष्य तब तक प्रासंगिक नहीं होते जब तक कि इस तरह के प्रश्न और साक्ष्य प्रतिवादी के सिवाय किसी और को कथित आचरण साबित करने के लिए पेश नहीं किए जाते, या यदि प्रश्न और साक्ष्य शिकायतकर्ता के पूर्व यौन व्यवहार की विशिष्ट

घटनाएं प्रतिवादी से संबंधित हैं और सहमति को साबित करने की पेशकश की जाती है। क़ानूनी रूप से मान्यताप्राप्त विशेषाधिकार के तहत संरक्षित जानकारी का गठन या अनुसरण करने वाले प्रश्न या साक्ष्य तब तक निषिद्ध होते हैं, जब तक कि ऐसे विशेषाधिकार रखने वाले व्यक्ति ने विशेषाधिकार को छोड़ नहीं दिया हो। निर्णय-निर्माता किसी भी प्रश्न के अप्रासंगिक होने पर एक हद तक रोक लगा देता है, निर्णय-निर्माता को स्पष्ट करना चाहिए

v. <u>ज़िम्मेदारी का निर्धारण</u>

औपचारिक शिकायत में प्रत्येक आरोप के परिणाम इस बात से संबंधित होते हैं कि प्रतिवादी ने नीति CS 27 का उल्लंघन किया है या नहीं, सुनवाई पूरी होने के बाद, निर्णय-निर्माता को इस प्रक्रिया के अनुसार विचार करने की अनुमति दी जाती हैम उसके अनुसार वह सभी प्रासंगिक सबूतों पर निष्पक्ष रूप से विचार करने के बाद, साक्ष्यों की अधिकता के आधार पर वाला निर्णय करेगा। औपचारिक शिकायत में निहित आरोपों पर निर्णय-निर्माता, ज़िम्मेदारी के लिखित निर्धारण के रूप में निर्णय जारी करेगा। लिखित निर्धारण निम्नलिखित शामिल होंगी:

(1) यौन उत्पीड़न के संभावित आरोपों की पहचान
(2) औपचारिक शिकायत के स्वीकार पत्र से लिया गया प्रक्रियात्मक चरणों का विवरण, निर्धारण के माध्यम से पक्षकारों की सूचनाएं, पक्षकारों और गवाहों के साक्षात्कार, साइट का दौरा, अन्य साक्ष्यों को इकट्ठा करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली विधियों सहित और सुनवाई आयोजित की गई;
(3) निर्धारण का समर्थन करने वाले तथ्य;
(4) तथ्यों के लिए नीति CS 27 के उपयोग के संबंध में निष्कर्ष;
(5) प्रत्येक आरोप के परिणाम के लिए जिम्मेदारी के बारे में एक निर्धारण सहित, बयान और औचित्य प्राप्तकर्ता कोई अनुशासनात्मक प्रतिबंध प्रतिवादी पर लगाता है, और शिकायतकर्ता को विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रम या गतिविधि तक समान पहुंच बहाल करने या संरक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया उपाय प्रदान किया जाएगा या नहीं ; तथा
(6) अपील प्रक्रिया।

ज़िम्मेदारी का लिखित निर्धारण शिकायतकर्ता और प्रतिवादी दोनों को एक ही दिन प्रदान किया जाएगा। ज़िम्मेदारी के निर्धारण का अंतिम निर्णय या तो ज़िम्मेदारी का निर्धारण या तो उसी तारीख को हो जाता है जब अपील के संबंध में लिखित निर्धारण, बशर्ते कोई हो तो, पक्षकारों को प्रदान किया जाता है, या यदि कोई अपील दायर नहीं की जाती है, तो उस तारीख को, जब अपील के लिए समय नहीं रह जाता है।

vi. <u>प्रतिबंध</u>

यदि निर्णय-निर्माता साक्ष्य की अधिकता के आधार पर यह निर्धारण करता है कि नीति CS 27 का उल्लंघन किया गया था, तो उपयुक्त प्रतिबंध (प्रतिबंधों) के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रतिबंध (प्रतिबंधों) के अलावा उपरोक्त धारा III (E) (v) में सूचीबद्ध सभी सूचनाओं से युक्त ज़िम्मेदारी का लिखित निर्धारण उपयुक्त अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख, या पदाधिकारियों को सबमिट किया जाएगा। इसके बाद उपयुक्त अध्यक्ष, डीन, निदेशक, पर्यवेक्षक, ज़िम्मेदारी केंद्र के प्रमुख या पदाधिकारी निर्णय-निर्माता को प्रतिबंधों का निर्धारण प्रदान करेंगे, जो पक्षकारों को इसे वितरित करने से पहले ज़िम्मेदारी के लिखित निर्धारण में प्रतिबंधों को शामिल करेगा। शिकायत प्रक्रिया पूरी होने तक प्रतिबंध नहीं लगाए जाएंगे, जब तक कि परिणाम की अपील के लिए समय नहीं निकल जाता है या जब तक कि ऐसी किसी अपील के संबंध में कोई निर्धारण नहीं किया जाता है, इसके समेत, जो भी लागू हो।

विश्वविद्यालय नीति CS 27 के उल्लंघन के लिए अनुशासनात्मक फटकार, शैक्षिक बैठकें, निलंबन, बर्खास्तगी और/या निलंबन समेत, पर इतने तक सीमित नहीं है, प्रतिबंधों की एक विस्तृत श्रृंखला लागू कर सकता है। ये उदाहरण सूचना के उद्देश्य के लिए दिए गए हैं और ये इस संभावना को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं कि इसका कोई विशेष परिणाम होगा।

vii. अपील

पक्षकारों को ज़िम्मेदारी का लिखित निर्धारण प्रदान किए जाने के बाद, या तो शिकायतकर्ता या प्रतिवादी निर्धारण के लिए अपील कर सकता है। अपील में मामले में पूरी तरह से फिर से सुनवाई या तथ्यों का पुनर्वितरण शामिल नहीं होगा, बल्कि यह सिर्फ़ इस बात की समीक्षा करेगा कि निर्णय में तीन (3) सीमित आधारों में से एक से गलती हुई है या नहीं है, जिसके आधार पर अपील दायर (सामूहिक रूप से "समीक्षा की गुंजाइश" के रूप में जाना जाता है) की जा सकती है, सीमित आधार निम्नलिखित हैं:

(1) प्रक्रियागत अनियमितता जिसने मामले के परिणाम को प्रभावित किया;
(2) ऐसे नए साक्ष्य जो ज़िम्मेदार ठहरने या ख़ारिज किए जाने के बारे में निर्धारण करते समय उपयुक्त रूप से उपलब्ध नहीं थे, जो मामले के परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं;
(3) टाइटल IX संयोजक, जांचकर्ता या निर्णय-निर्माता के पास आम तौर पर या शिकायतकर्ता या प्रतिवादी या व्यक्तिगत शिकायतकर्ता या प्रतिवादी के ख़िलाफ़ हितों का टकराव या पूर्वाग्रह था जो मामले के परिणाम को प्रभावित करता था या
(4) उल्लंघन की गंभीरता को देखते हुए प्रतिबंध काफी हद तक असंगत हैं

शिकायतकर्ता और प्रतिवादी के पास याचिका दायर करने के लिए समीक्षा की गुंजाइश के रूप में एक या एक से अधिक विशिष्ट आधारों का हवाला देने वाले परिणाम के समर्थन में या परिणाम को चुनौती

देने वाले लिखित बयान समेत जिम्मेदारी के लिखित निर्धारण की प्राप्ति से दस (10) व्यावसायिक दिन होंगे। अपील याचिका में अपील का समर्थन करने वाला एक विस्तृत विवरण और सभी तथ्य या साक्ष्य शामिल होने चाहिए। एक हद तक दोनों पक्षकारों में से कोई एक किसी कथित त्रुटि पर सभी या किसी हिस्से को अपील का आधार बनती है या ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX की ओर से हितों का टकराव या शिकायत प्रक्रिया किसी अन्य व्यक्ति के शामिल होने पर, ऑफ़िस ऑफ़ सिविल राइट्स एण्ड टाइटल IX के पास अपील याचिका (याचिकाओं) के प्रदान किए जाने के दस (10) व्यावसायिक दिनों के भीतर लेखन का जवाब देने का अवसर होगा।

विश्वविद्यालय समीक्षा बोर्ड (यूनिवर्सिटी रिव्यू बोर्ड, "URB") के तीन (3) सदस्यों का एक पैनल अपील संबंधी निर्णय-निर्माताओं के रूप में कार्य करेगा। URB के सदस्यों में से एक को URB सभापति माना जाएगा। अपील संबंधी निर्णय-निर्माताओं में से कोई भी विश्वविद्यालय का छात्र, टाइटल IX संयोजक, जांचकर्ता या निर्णय-निर्माता मूल सुनवाई से नहीं होगा।

अपील याचिका प्राप्त होने पर, URB पहले यह निर्धारित करेगा कि अपील समीक्षा के दायरे में ठीक से आती है या नहीं। यदि URB ने यह तय किया है कि अपील समीक्षा के दायरे में नहीं आती है, तो URB उस पक्ष को सूचित करेगा, जिसने लिखित रूप में उस परिणाम की अपील के लिए याचिका सबमिट की थी। जहां यह निर्धारित किया गया है कि एक अपील याचिका में समीक्षा की गुंजाइश है, URB सभापति उपयुक्त पक्षकारों को सूचित करेगा कि एक अपील शुरू हो गई है और सभी पक्षकारों को सबमिट की गई अपील याचिका(ओं) और उपयुक्त प्रक्रियाएं प्रदान करेगा। केवल लिखित सबमिशन के आधार पर अपील को हल करने के लिए URB को चुना जा सकता है। URB यह तय करता है कि सुनवाई आवश्यक है या अपील के समाधान में वह सहयोगी होगा, URB सुनवाई का एक समय निर्धारित करेगा और सभी उपयुक्त पक्षकारों को सूचित करेगा।

एक बार जब URB एक अपील के परिणाम (चाहे लिखित रूप से सबमिशन के आधार पर हो या सुनवाई पूरी हो जाने के बाद) के रूप में किसी निर्णय पर पहुंच जाता है, तो URB अपील के परिणाम और परिणाम के औचित्य का वर्णन करते हुए एक लिखित निर्णय जारी करेगा। अपील का परिणाम उसी दिन सभी उपयुक्त पक्षकारों को प्रदान किया जाएगा।

आम तौर पर, अगर URB यह पाता है कि एक अपील वैध है और अपील #1 (प्रक्रियात्मक अनियमितता), #2 (नए साक्ष्य), या #3 (हितों या पूर्वाग्रह का टकराव) के आधार पर मूल निर्णय-निर्माता के परिणाम को पलट कर रख देता है, तो अपील बोर्ड शिकायत की प्रक्रिया के उपयुक्त चरण के लिए अपील को भेजेगा ताकि प्रभावी रूप से त्रुटि के सुधार की अनुमति दी जा सके।

आम तौर पर, अपील बोर्ड को तीस (30) व्यावसायिक दिनों के भीतर अपना काम पूरा करना चाहिए।

## IV. प्रतिशोध

प्रतिशोध सख्त वर्जित है, जैसा कि नीति CS 27 में उल्लिखित है। यदि कोई पक्षकार प्रतिशोध का अनुभव करता है, तो उन्हें औपचारिक शिकायत और/या टाइटल IX कार्यालय के जांचकर्ता को प्रतिशोध की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, उसी समय आरोप की जांच विश्वविद्यालय की उपयुक्त नीतियों और प्रक्रियाओं से तात्कालिक और न्यायसंगत तरीके से की जाएगी।

## V. संपर्क संबंधी जानकारी/सार्वजनिक पहुंच क्षमता

इस प्रक्रिया को सामुदायिक मानकों के तहत नीति विकास और प्रबंधन कार्यालय (ऑफ़िस ऑफ़ पॉलिसी डेवलपमेंट एण्ड मैनेजमेंट) वेबसाइट https://policy.pitt.edu में पोस्ट किया जाता है।

विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्यों को इस नीति के अनुपालन से संबंधित कर्तव्यों को समझने के साथ सहायता के लिए ODI से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ODI से (412) 648-7860 टेलीफ़ोन पर या diversity@pitt.edu पर ईमेल द्वारा संपर्क किया जा सकता है ।

ODI के बारे में अधिक जानकारी यहां से प्राप्त की जा सकती है: http://www.diversity.pitt.edu/

क्षेत्रीय परिसर का टाइटल IX

संपर्क ब्रैडफोर्ड: 814-362-7513

ग्रीन्सबर्ग: 724-836-9902

जॉन्सटाउन: 814-269-7991

पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय कैंपस पुलिस फ़ोन नंबर:

ब्रैडफोर्ड: 814-368-3211

ग्रीन्सबर्ग: 724-836-9865

जॉन्सटाउन: 814-269-7005

पिट्सबर्ग: 412-624-2121

टाइटसविले: 814-827-4488

## VI. संबंधित अधिकारी

नीति AC 28 (पूर्व में 02-02-10), फैकल्टी समीक्षा और अपील

नीति CS 27, टाइटल IX

क्षेत्रीय परिसर न्यायिक मामलों/छात्र आचरण कार्यालयों के लिए संपर्क जानकारी संबंधी दिशानिर्देश

नीति CS 20 (पूर्व में 06-05-01), यौन दुर्व्यवहार

गैर-भेदभाव संबंधी विश्वविद्यालय की सूचना

स्टूडेंट कोड ऑफ कंडक्ट